ऑर्डर बुक में होगी बढ़तः आईटीडी सीमेंटेशन

प्रकाशित Wed, जून 11, 2014 पर 14:18 | स्रोत : CNBC-Awaaz

प्रिंट

वीडियो

आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया के सीएफओ एस रामनाथ का कहना है कि कंपनी बीओटी प्रोजेक्ट नहीं करती है और इंफ्रास्ट्रक्चर से ज्यादा कंस्ट्रक्शन क्षेत्र में काम करती है। कंपनी के विदेशी प्रमोटर थाईलैंड की सबसे बड़ी कंस्ट्रक्शन कंपनी है। इस कंपनी का 47 फीसदी राजस्व दक्षिण पूर्वी एशिया से आता है और इसमें 22,000 कर्मचारी काम करते हैं। आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया को इस पेरेंट कंपनी की मदद मिलती रहती है।

लंबी अवधि के लिए भारत के कंस्ट्रक्शन और इंफ्रा सेगमेंट के लिए अच्छे निवेश का माहौल है। हालांकि छोटी अवधि में अभी कुख दिक्कतें बनी हुई हैं। हालांकि अब सरकार बदली है जिससे सेंटीमेंट बदला है और इसका फायदा आने वाले समय में मिलेगा।

एस रामनाथ का कहना है कि आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया की इस वक्त 4100 करोड़ रुपये की ऑर्डर बुक है। आगे चलकर ऑर्डर बुक में अच्छी बढ़त की उम्मीद है। कंपनी के पेमेंट साइकिल बढ़ने से फाइनेंस कॉस्ट में बढ़त हुई है लेकिन वित्त वर्ष 2015 की तीसरी और चौथी तिमाही में हालात सुधरेंगे।

आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया का मार्केट कैप 350 करोड़ रुपये है और कंपनी में प्रमोटरों की हिस्सेदारी 69.57 फीसदी है। आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया इटालियन-थाई डेवलपमेंट पब्लिक कंपनी है।

आईटीडी सीमेंटेशन इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर की कंपनी है। कंपनी सिविल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में सॉल्यूशन मुहैया कराती है। कंपनी के उत्पाद मास रैपिड ट्रांजिट सिस्टम, हाइड्रो पावर, सुरंग, बांध और इरीगेशन के क्षेत्र में काम आते हैं। इसके अलावा इंडस्ट्रियल स्ट्रक्चर, एयरपोर्ट के साथ हाईवे, ब्रिज, फ्लाईओवर का निर्माण करती है।

वीडियो देखें